महत्वपूर्ण एवं खास

कोयला कामगारों का जॉब परिवर्तन कराया

कोरबा। एसईसीएल गेवरा परियोजना में कई ऐसे कोयला कामगार हैं जो बीमार हैं और काम करने में असमर्थ हैं। ऐसे कामगारों का जॉब परिवर्तन कराया जा रहा है। एसईकेएमसी के अध्यक्ष गोपाल यादव ने अधिकारियों से मुलाकात कर कई आवेदन जमा किये हैं। जिसमें से कुछ कामगारों के जॉब परिवर्तन कर दिए गए हैं। इस संबंध में एसईकेएमसी के अध्यक्ष छंदराम राठौर ने बताया कि गेवरा क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं को देखते हुए सबसे पहला काम बीमार कामगारों को जॉब को परिवर्तन कराना है ताकि वह लंबे समय तक काम कर सके। कई ऐसे कामगार हैं जो जॉब परिवर्तन कराने के लिए कार्यालय का चक्कर भी लगा रहे हैं लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। एसईकेएमसी के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बीमार कामगारों की समस्याओं को अधिक ध्यान दिया जाए।

ग्राम मदनपुर में ग्रामीणो ने किया रामधुनी का आयोजन

गरियाबंद (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मदनपुर (पीपरछेडी) में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 3 से 4 सितंबर तक 24 घंटा रामधुनि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ये रामधुनी का आयोजन ग्राम मदनपुर के ग्रामीणों के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है ,इस रामधुनी में ग्रामीणो के साथ आसपास गाँव से भी रामधुनी की टोलियां आती है जो लगातार निर्धारित समय के अनुसार बिना रुके चौबीस घण्टे तक राम भजन संगीत के साथ गाकर भक्ति मय बनाते है ।इसका समापन आज रविवार के शाम को किया जाएगा।

करमा पर्व पर 6 को स्थानीय अवकाश

बलरामपुर (आरएनएस)। कलेक्टर विजय दयाराम के. के द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अंतर्गत 06 सितम्बर 2022 मंगलवार को करमा त्यौहार के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषागारों/उप कोषागारों एवं बैंकों के लिये लागू नहीं होगा।

एक्टिवा वाहन से 25 किलो गांजा के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना नगरनार को मिली सूचना पर छत्तीसगढ-उडीसा के सीमाक्षेत्र धनपुंजी में मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच के दौरान एक एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 17 केए-1740 से 25 किलोग्राम गांजा बरामद कर गांजा तस्कर हीरा सिंह निवासी नवरंगपुर को गिरफ्तार किया है। अवैध गांजा तस्करी का हीरा सिंह का उक्त कृत्य एनडीपीएस. एक्ट की परिधी में आने पर थाना नगरनार में 20(बी) एनडीपीएस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 25 किलोग्राम गांजा, 01 एक्टिवा वाहन, मोबाईल 01 नग एवं 12 सौ रूपये नगद जप्त कर कार्यवाही के उपरांत न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया। जप्तशुदा गांजा की अनुमानित बाजार मूल्य 01 लाख 25 हजार रूपये आंकी गई है।

मोर मकान मोर आस... आवेदन पत्र प्राप्त करने की मियाद 16 तक बढ़ा

दुर्ग (आरएनएस)। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर आस के लिए आवेदन पत्र जारी और सम्पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि को 05 सितम्बर से 16 सितम्बर तक बढ़ाया गया है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने जानकारी देते हुए कहा कि निगम मुख्यालय में मंदिर के पीछे 2 काउंटर का संचालन किया जाएगा। जहां पृथक पृथक रूप से आवेदन पत्र प्राप्त तथा जमा किया जा सकता है। हड़ताल पूर्व तक निगम को लगभग 650 भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं जिनके भौतिक सत्यापन के लिए 15 दलों का गठन किया जा चुका है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आवेदकों से अनुरोध किया है कि सत्यापन दलों को ओरिजनल दस्तावेज तथा वर्तमान निवास का भौतिक सत्यापन पूरी जिम्मेदारी से कराएं। आवेदन पत्र प्राप्त और जमा करने के लिए, पूर्व में संचालित जोन कार्यालय को इस कार्य हेतु बंद किया कर दिया गया है।

सिहावा में हुए मर्डर के चार आरोपी हुए गिरफ्तार

❑ आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

धमतरी (आरएनएस)। धमतरी के सिहावा छिपलीपारा में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार दो सितंबर को छिपलीपारा थाना सिहावा जिला धमतरी में एक अज्ञात लाश मिली थी जिसके गला , सिर मुह में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किसी ठोस वस्तु से सांघातिक हमला करने से मृत्यु होना प्रतीत होने से तत्काल मौके पर डाग स्क्वाड धमतरी तथा फारेंसिक टीम रायपुर से घटना स्थल का बारीकी मुआयना किया गया।

मृतक की पहचान ग्राम मोदे थाना नगरी जिला धमतरी निवासी ज्योति प्रकाश साहू पिता घनश्याम साहू उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई थी। मामले में धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा टेंम्भुकर साहू के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी श्री मयंक रणसिंग के नेतृत्व में थाना प्रभारी व स्टाफ के पृथक - पृथक टीम बनाया। सभी टीमों को अलग - अलग दिशाओं में सीसीटीवी फुटेल एवं तकनीकी सहायता की मदद से अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया टीम के द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं संदिग्धों से पूछताछ किया गया । पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक ज्योति प्रकाश साहू जो पेटी ठेकेदारी का काम करता है और ब्याज में पैसे देता है मृतक ने ग्राम सिरसिदा वासी लोकेश कुमार टोंडरे को भी 12 लाख 50 हजार रूपये ब्याज में दिया था जिस पर लोकेश कुमार टॉडरे पिता कैलाश टोंडरे उम्र 29वर्ष निवासी ग्राम सिरसिया थाना सिहावा, जिला धमतरी को कड़ाई से पूछताछ करने पर यह बताया कि उसका ग्राम सिहावा नगरी रोड में नेथ मोबाईल के नाम से मोबाईल का दुकान है और वह मृतक ज्योति प्रकाश साहू से आज से करीब 9-10 माह पूर्व मिला था। लोकेश टोंडरे अपना दुकान का बढ़ाना चाहता था उसको पैसे की जरूरत थी जिस पर लोकेश टोंडरे द्वारा ज्योति प्रकाश साहू पार्टनरशिप में दुकान चलाने की बात कहकर दस लाख रूपए लिए और बिक्री में आधा - आधा हिस्सेदारी की बात की गई फिर करीब ढाई माह बाद मृतक ज्योति प्रकाश ने लोकेश टॉडरे को ढाई लाख रूपए और दिए फिर उस दौरान लोकेश टॉडरे को व्यापार में नुकसान होने से ज्योति प्रकाश ने पार्टनरशीप में नहीं रहने की बात कहते हुए अपना पैसे का वापस मांगा और पैसा वापस नहीं होने से दस प्रतिशत ब्याज देने के लिए लोकेश टोंडरे को बोला जिस पर लोकेश टोंडरे ने मृतक ज्योति प्रकाश से हर महीने एक लाख रूपये देने की बात कही और एक लाख में से 50 हजार रू मूलधन में कटौती करने और 50,हजार रूपये को ब्याज के रूप में रखने को कहा गया और लोकेश टोंडरे मृतक ज्योति प्रकाश को हर माह एक लाख रूपये 06माह तक दिया। मृतक ज्योति प्रकाश उक्त पैसे को अपने दिये गये 12 लाख 50 हजार रूपये का ब्याज समझता था और मृतक ज्योति प्रकाश साहू अपना पूरा पैसा लोकेश टोंडरे से मांगता था जिस पर लोकश टोंडरे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा और मृतक ज्योति प्रकाश को रास्ते से हटाने की बात सोची और अपने पारिवारिक रिश्तेदार मुंगेली निवासी विधि संघर्षरत बालक को सारी बात बताई और बोला कि ज्योति प्रकाश साहू को किसी तरह रास्ते से हटाने के लिए दो लाख रूपये दूंगा बोला इतने में विधि संघर्षरत बालक बोला आपका काम हो जायेगा। फिर घटना के करीब आठ दिन पहले विधि विरुद्ध बालक मुंगेली से ग्राम शिरसिदा लोकेश के घर आया और ज्योति प्रकाश साहू के हत्या करने की प्लान बनाया और विधि संघर्षरत बालक ने अपने परिचित के ग्राम बोधापारा थाना लालपुर जिला मुंगेली निवासी अमर सिंग को फोन कर काम के बारे में बताया जिस पर अमर सिंह काम हो जायेगा बोलने पर उसके सिहावा आने के लिए अमरसिंग को दो हजार रूपये फोन पे के माध्यम से लोकेश टोंडरे ने ट्रांस्फर किया फिर दिनांक एक सितंबर को अमर सिंह सिहावा आ रहा हूं बोलकर अपने अन्य साथी ग्राम सूखाताल थाना लालपुर जिला मुंगेली निवासी प्रदीप कुमार को साथ लेकर बस से शाम करीब 6.00 बजे सिहावा आया फिर विधि संघर्षरत बालक अपने साथी अगर सिंह और प्रदीप कुमार के साथ सिहावा के शीतला मंदिर के पास जाकर रुके थे फिर लोकेश भी वहां आया और करीब एक घण्टा रुककर आपस में हत्या को अंजाम देने की बात कर इत्या करने बाद दो लाख रूपये में सौदा हुआ फिर लोकेश टोंडरे उन लोगों को शीतला मंदिर के पास रोड से करीब जंगल मे से छोडक़र ज्योति प्रकाश को लाने के लिए निकल गया। फिर विधि संघर्षरत बालक सिहावा के शराब दुकान से शराब लेकर आया और अमर सिंग और उसके साथी प्रदीप कुमार के साथ पीने बैठ गया । फिर कुछ समय बाद लोकेश टोंडरे मृतक ज्योति प्रकाश साहू को लेकर जैसे ही सिहावा से नगरी रोड शीतला मंदिर के पास पहाड़ी के नीचे में पहुंचे तब पूर्व सुनियोजित साजिश के तहत् चारों ने मिलकर पूर्व से रखे क्रिकेट के गेट फावड़ा में का बेट से मृतक के सिर चेहरा में गंभीर चोट पहुंचा कर हत्या कर दिये। बाद आरोपीगणों को हिरासत में लेकर बारीकी से लेकर पूछताछ करने से अपना जुर्म कबूल किये।

पसान व केंदई रेंज में हाथियों की उत्पात से ग्रामीणों में दहशत

कोरबा। जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। वन विभाग के मैदानी अमले को शासन की ओर से न तो हाथियों को खदेडऩे के लिए पटाखा दिया जा रहा है और न ही मशाल। जिससे उनकी परेशानी बड़ गईहै। ऊपर हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीण उन्हें पटाखा व मशाल देने के लिए लगातार दबाव डालते है। मैदानी अमले का कहना है शासन उन्हें हाथियों को भगाने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये ताकि इस समस्या से अच्छे से निपटा जा सके। जररूत पडऩे पर ग्रामीणों को पटाखा व मशाल दे सके। जिससे वे हाथियों के आने पर इन संसाधनों का उपयोग उसे खदेडऩे के लिए कर सके।

जानकारी के अनुसार जिले के वन मण्डल कटघोरा का पसान व केंदई रेंज हाथियों की समस्या से सर्वाधिक पीडि़त है यहां आये दिन हाथियों की सक्रियता बनी जो उत्पात मचाकर ग्रामीणों के साथ-साथ वन अमले के लिए भी चुनौती खड़ी कर देते है। उत्पाती हाथियों से निपटने के लिए वन अमले को सिवाए, गजवाहन उपलब्ध कराने के कोई संसाधन नहीं मिल रहा है। जिससे वे काफी परेशान है। जब भी हाथी पहुंचते है। हाथी प्रभावित गांव के लोग भी हाथियों को भगाने के लिए पटाखा मशाल व अन्य सामाग्रीयों की मांग करते है। कई बार वन अमले की ग्रामीणों से झड़प भी हो जाती है। ऐसी स्थिति में वे बमुश्किल ग्रामीणों के आक्रोश से बचते है। कटघोरा वन मण्डल के पसान रेंज में इन दिनों 23 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जो सेन्हाबीट में मौजूद है। हाथियों का यह दल बीती रात अड़सरा गांव के खडिय़ापारा में पहुंच गया और उत्पात मचाते हुए तीन मकानों को तोडऩे के साथ ही छरू ग्रामीणों के बाड़ी में लगे मकई की फसलों को तहस-नहस कर दिया। जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों ने उत्पात के दौरान एक ग्रामीण के घर को बूरी तरह उजाड़ दिया है। जिससे घर मालिक व उसका परिवार बेघर हो गया है। हाथियों का दल सायं होते ही गांव पहुंचा और उत्पात मचाना शुरू किया जो पूरे रात भर चला। इस दौरान ग्रामीण व वन विभाग के कर्मचारी सीमित संसाधनों के सहारे हाथियों को खदेडऩे की कोशिश करते रहेए लेकिन उसमें विशेष सफलता नहीं मिल पाई। सुबह होने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया और सेन्हा व बेलहिया के बीच पहुंच गये । इन हाथियों को आज सुबह यहां पर विचरण करते हुए देखा गया। इधर कोरबा वन मंडल बालको परिक्षेत्र में मौजूद पंद्रह हाथी डोंगाघाट पहुंच गये है। हाथियों ने यहां भी खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए फसल को रौंद दिया है। जिससे चार किसान प्रभावित हुए है।

विशाल युगल श्रीगणेश की पाषाण प्रतिमा के पूजा की औपचारिकता पूरा करते हैं स्थानीय श्रृद्धालू

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के बारसूर की पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित शताब्दियों पुरानी प्रदेश के सबसे बड़े युगल श्रीगणेश की पाषाण प्रतिमा पूरे प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं। प्रत्येक श्रद्धालु एक बार बारसूर के विशाल युगल महाकाय श्रीगणेशजी की प्रतिमाओं के चरणो में अवश्य शीश नवाना चाहता है। लेकिन पुरातत्व विभाग यहां विद्युत की व्यवस्था तक नहीं कर पाया है। स्थानीय लोगों ने अपनी व्यवस्था से विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई है जिससे रात्रि के समय दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु दर्शन लाभ ले पाते हैं। भारतीय पुरातत्व विभाग या छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के द्वारा कोई व्यवस्था नही देने से स्थानीय श्रृद्धालू ग्यारह दिनों तक पूजा-अर्चना की औपचारिकता पूरी करते चले आ रहे हैं। पिंटुराम पुजारी, अमृत नाग, विशाल पुजारी, संगीत पुजारी, संतु नाग, रविन्द्र, आकाश, योगेश, राजुराम, संजय जगत पुजारी, परदेशी पुजारी, भूवनेश्वर भारद्वाज ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से वे ग्यारह दिनों तक पूजा-अर्चना की औपचारिकता पूरी करते चले आ रहे हैं। उन्होने कहा कि भारतीय पुरातत्व विभाग व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अपेक्षा है कि जनभावनाओं का आदर करते हुए छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े श्रीगणेशजी की आगामी गणेश चतुर्थी के अवसर पर कम से कम तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करें व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दें।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरूण साव से मिले नवीन पटेल

कोरबा। जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री नवीन पटेल ने रायपुर प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट किया। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल व बिलासपुर लोकसभा के सांसद छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव से भी सौजन्य मुलाकात किए। नवीन पटेल ने इनका स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कोरबा जिला के राजनीतिक विषयों व हालातो पर चर्चा किया। इस अवसर पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कोरबा जिला संयोजक सतीश झा भी उपस्थित रहे। खदानों में फिर बढ़ रहे अपराध कोरबा। जिले के कोयलांचल में अपराध की अमरबेल फिर से फलने.फूलने लगी है। सिंघाली में सुरक्षा कर्मी पर हमला करने वाले पकड़ से बाहर हैं जबकि गेवरा दीपका में पुराने धंधों में लगे लोग सक्रिय हो गए हैं।

देशभक्ति गीतों की स्पर्धा के विजेताओं को किया पुरस्कृत

कोरबा। भारत विकास परिषद की कोरबा जिला इकाई ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता के विजेताओं को एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

परिषद में एकल, युगल और सामूहिक स्तर पर देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता पिछले दिनों आयोजित की थी। इसमें स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया और फिल्मी एवं अन्य क्षेत्र से संबंधित गीतों को शामिल कर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय एनटीपीसी प्रथम, सेंट जेवियर्स कोरबा द्वितीय और केरियर पब्लिक स्कूल मुड़ापार की टीम तृतीय स्थान पर रही। लोगों ने इस प्रयास की सराहना करने के साथ प्रतिभागियों की क्षमता का उपयोग करने के लिए आयोजक संस्था को बधाई दी। उक्तानुसार परिषद ने कार्यक्रम करते हुए विजेता प्रतिस्पर्धियों आराध्या चौहान सहित अनेक विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। परिषद के पदाधिकारियों ने यहां पर कहा कि देश के प्रति सरोकार दिखाने के कई माध्यम हो सकते हैं और इसी उद्देश्य से कोशिशें की जा रही है। खुशी की बात है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी हमारे साथ जुड़े हैं। पुरस्कार वितरण के दौरान परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव कन्हैया लाल सोनी, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

लापता ग्रामीण रायपुर से गुम इंसान खोज अभियान में लाया गया

कोरबा। जिले के बांगो थाना क्षेत्र के माचाडोली से तीन माह पूर्व लापता ग्रामीण को पुलिस के निजात कार्यक्रम के तहत मुरझाए चेहरे पर मुस्कान लाने के तारतम्य में कोरबा पुलिस ने उसे रायपुर से दस्तेयाब कर यहां लाने के उपरांत बयान पंजीबद्ध करने के बाद उसके परिवार को सकुशल सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा निवासी करीमन दास उम्र 57 पिता स्व. घासीदास विगत कुछ वर्षों से अपने परिवार के साथ बांगो थाना क्षेत्र के माचाडोली में निवास कर रहा था। वहां रहकर रोजी-मजदूरी करते हुए अपने परिवार के भरण-पोषण में अपनी भूमिका निर्वहन कर रहा था। कोरोना बीमारी के समय जब उसे माचाडोली एवं आसपास के इलाके में कोई काम धंधा नहीं मिल रहा था तो अपने परिवार वालों को बिना कुछ बताए अचानक विगत 26 मई को घर से निकल गया। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। दूसरे दिन उसकी खोजबीन किये जाने के बाद भी उसके संबंध में कोई जानकारी हासिल नहीं हुई तो उसकी पत्नी ने 27 मई को बांगो थाना पहुंचकर गुम इंसान क्रमांक 22/22 के तहत गुम इंसान दर्ज करवा दिया। बताया जाता है कि इस बीच करीमन दास की पत्नी लक्ष्मीन बाई उम्र 52 वर्ष तथा उसके बच्चे उसकी खोजबीन अपने स्तर पर करते रहे। वहीं बांगो पुलिस ने अपने स्तर पर उसके संबंध में जानकारी एकत्र करने में जुटी हुई थी। लेकिन किसी भी तरह की उसके संबंध में जानकारी पुलिस को इसलिए नहीं मिल पा रही थी कि लापता करीमन दास मोबाइल का कहीं से किसी तरह का उपयोग नहीं कर रहा था। इस दौरान करीमन दास अंबिकापुर, सूरजपुर में भी काम धंधा तलाशता रहा। लेकिन वहां भी कोई काम नहीं मिला तो सीधे राजधानी रायपुर जाकर वह वहां काम तलाशने लगा। रायपुर में वह एक होटल वाले के यहां काम करने के लिए गया तो उसने उसका आईडी एवं आधार कार्ड पहचान के लिए देने को कहा तो वो उक्त दस्तावेज पास नहीं होने की जानकारी उसे दी जिसके बाद रायपुर पुलिस को होटल वाले ने उसके संबंध में सूचना दे दी। रायपुर पुलिस ने लापता करीमन दास के वहां होने की जानकारी मिली तो बांगो पुलिस को इसकी जानकारी दे दी। जिसके बाद बांगो थाने के प्रभारी आशीष सिंह ने प्रधान आरक्षक जोगेंद्र खूंटे को रायपुर रवाना किया। बांगो पुलिस ने करीमन दास को रायपुर से बांगो कोरबा लाकर उसका बयान पंजीबद्ध करने के बाद उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

शहनाज अख्तर के भजनों में झुमेंगे श्रद्धालू, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

❒ गंजपारा मे 6 सितंबर को भजन संध्या का आयोजन, चांदनी चौक गणेशोत्सव समिति तैयारी में जुटी

दुर्ग (आरएनएस)। मुंबई के राजा के तर्ज पर भव्य गणेश प्रतिमा स्थापना के लिएप्रसिद्ध दुर्ग शहर के गंजपारा चांदनी चौक के श्री नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष 12 फीट उंची नक्काशीदार गणेश जी की प्रतिमा विराजमान की गई है, वहीं कोलकाता के कलाकारों द्वारा फूलों से सजाई गई पंडाल और विशेष विद्युत साज-सज्जा आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। गणेशोत्सव का यह 40वां वर्ष है। इस अवसर को यादगार बनाने समिति द्वारा 6 सितंबर को जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन पुरानी गंजमण्डी गंजपारा में किया गया है। रात्रि 8 बजे से शुरु होने वाले भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, सभापति राजेश यादव, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, समाजसेवी कृष्णकांत दुबे, किशोर जैन, श्याम शर्मा, पार्षद ऋषभ जैन, अनिल पण्डा, सतीश चंद्राकर मौजूद रहेंगे। छुम-छुम छना नाना बाजे.उज्जैन की बस्ती में तकदीर मुझे ले चल भजनों से प्रसिद्धि पाई शाहनाज अख्तर पिछले 20 वर्ष बाद दुर्ग में भजनों की प्रस्तुति देगी। जिसे लेकर भजन प्रमियों के अलावा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। यह बातें श्री नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति चांदनी चौक गंजपारा के सदस्य बंटी शर्मा ने रविवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान समिति के सदस्य सोहन लोढ़ा, आनंद जैन, पंकज यादव, अरुण साहू, विक्रांत शर्मा, लक्की शर्मा, जितेन्द्र राठी, रितेश मेहरा, कृष्णा यादव, राजू गुप्ता, अनुपम यादव, विकास राठौर, हेमंत बावनकर, अमित शर्मा, मुकुंद शर्मा, अविनाश दीप, चंचल साहू भी मौजूद थे। श्री नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति के सदस्य बंटी शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा गणेशोत्सव धुमधाम से मनाया जा रहा है। ग्राम थनौद के मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी द्वारा गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा निर्माण की गई है। प्रतिमा में नागपुर के कलाकारों द्वारा नगों से नक्काशी की गई है। इसके अलावा पंडाल व विशेष विद्युत साज-सज्जा आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। श्री शर्मा ने बताया कि 7 सितंबर को 108 पूजा की थालों से गणेश जी की महाआरती की जाएगी।

9 सितंबर को हवन-पूजन के बाद महाभंडारा का आयोजन किया गया है। 10 सितंबर को गणेशजी की भव्य विसर्जन शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी। शोभायात्रा में डीजे की धुन, आतिशबाजी व घोड़ाबग्घी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शिवनाथ नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। समिति ने सभी गणेशोत्सव समिति से 10 सितंबर को ही गणेश प्रतिमा विसर्जन की अपील की है।